50 मेगावाट गैस आधारित विद्युत संयंत्र को आरएलएनजी की आपूर्ति के लिए आवश्यक समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने, उसका स्वामित्व और संचालन करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

गेल (इंडिया) लिमिटेड [गेल] अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, भारत में प्रस्तावित 50 मेगावाट गैस आधारित विद्युत संयंत्र को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड, भारत [एनवीवीएन लिमिटेड] की बोली चरण में भाग लेने की इच्छा रखता है।

गेल भारत में प्राकृतिक गैस के परिवहन और आपूर्ति में देश के अग्रणी होने के नाते, एलएनजी की लंबी / छोटी अवधि के बेजोड़ पोर्टफोलियो से गैस की आपूर्ति करेगा। इसके अलावा, एक जेवी पार्टनर के माध्यम से गेल भारत में 5 एमएमटीपीए रीगैस टर्मिनल का स्वामित्व और संचालन करता है।

गेल एतद्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पक्षों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है जिन्हें छोटे आकार के वाहिकाओं के माध्यम से एलएनजी के परिवहन (जैसे लगभग 10,000 - 20,000 एम3 क्षमता) तथा / अथवा समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और उसका संचालन करने में विशेषज्ञता हो।

अपने कंशोर्शियम भागीदारों के साथ गेल अंडमान और निकोबार द्वीप में प्रस्तावित 50 मेगावाट गैस आधारित बिजली संयंत्र को गैस की आपूर्ति के लिए एनवीवीएन की बोली दौर में भाग लेगा। यदि चयनित होता है, तो कंशोर्शियम को एसपीसी के रूप में शामिल किया जाएगा और एनवीवीएन के साथ 25 वर्षों के लिए एक दीर्घकालिक गैस बिक्री और खरीद समझौते (जीएसपीए) पर हस्ताक्षर करेगा। इच्छुक पार्टी परियोजना से संबंध में आगे की आपसी चर्चा से पहले गेल के साथ एक गैर प्रकटीकरण समझौते (एनडीए) पर हस्ताक्षर करेगी।

परियोजना में रुचि रखने वाले पक्षों को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा:

1. पार्टी या इसके सहयोगी(यों) द्वारा प्रस्ताव जमा करने की नियत तारीख से पिछले 7 साल में एकल / एकाधिक तेल / गैस समुद्री परिसंपत्तियों में कम से कम अमरीकी $100 मिलियन का निवेश होना चाहिए।
2. पिछले वित्तीय वर्ष में पार्टी या इसके सहयोगी(यों) की निवल मालियत अधिमानतः अमरीकी $ 50 मिलियन या उससे अधिक होनी चाहिए ।
3. पार्टी या इसके सहयोगी(यों) ने किसी भी तेल / गैस समुद्री परिसंपत्ति का संचालन अवश्य किया हो।
4. पार्टी या इसके सहयोगी परियोजना में पर्याप्त हिस्सेदारी लेने और साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का स्वामित्व / संचालित करने के लिए इच्छुक हों।

समान पृष्ठभूमि के मामले में, उच्च वित्तीय क्षमता वाली पार्टी को प्राथमिकता दी जा सकती है।

यह नोट किया जाए कि चयनित पार्टी (कंशोर्शियम साथी) को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में गैस आधारित विद्युत संयंत्र को आरएलएनजी की आपूर्ति करने के लिए समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर का स्वामित्व तथा / या संचालित करने की आवश्यकता हो सकती है। गेल एलएनजी की आपूर्ति अपने किसी भी एलएनजी टर्मिनल / एसटीएस ट्रांसफर से करेगी और इस परियोजना में इक्विटी का स्वामित्व भी करेगा।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्ताव में निम्नलिखित विवरण शामिल होना चाहिए:

क) एनवीवीएन को आरएलएनजी की आपूर्ति के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर (क्षमता और आकार दोनों) का विवरण जिसमें एलएनजी वेसल, एलएनजी भंडारण सुविधा, पुनर्गैसीकरण सुविधा आदि जैसी परिसंपत्तियाँ शामिल हैं।

ख) प्रत्येक समुद्री संपत्ति की लागत विवरण सहित परियोजना की अनुमानित लागत।

इच्छुक और पात्र पक्षों को अपना पूरा प्रस्ताव 8 फरवरी, 2019 तक गेल को ईमेल आईडी shipchartering@gail.co.in पर और साथ ही अमरीकी $1 मिलियन अथवा समतुल्य रुपए (अर्थात 720,00,000 रुपए) की बैंक गारंटी की स्कैन कॉपी जो 4 महीने की प्रारंभिक अवधि के लिए वैध हो, प्रस्तुत करना है। बैंक गारंटी पूर्णत: गेल (इंडिया) लिमिटेड के पक्ष में हो तथा स्पष्ट रूप से अनुबंध II में नीचे प्रदान प्रारूप के अनुसार देय होना चाहिए। बैंक गारंटी किसी भी अनुसूचित बैंक अथवा भारत में स्थित अंतर्राष्ट्रीय बैंक की कोई शाखा को होगा जो अनुसूचित विदेशी बैंक के रूप में 'भारतीय रिजर्व बैंक' के साथ पंजीकृत हो । तथापि, राष्ट्रीयकृत भारतीय बैंकों के अलावा अन्य बैंकों से बैंक गारंटी की स्थिति में वह बैंक वाणिज्यिक बैंक हो तथा उसका निवल मूल्य 100 करोड़ रुपए से अधिक होना चाहिए । साथ ही उस वाणिज्यिक बैंक द्वारा 'बैंक गारंटी' में अथवा पत्रशीर्ष पर पृथक रूप से इसके लिए घोषणा होनी चाहिए ।

मूल बैंक गारंटी निश्चित रूप से 13 फरवरी 2019 तक गेल के पास पहुंच जानी चाहिए । चुनिन्दा पार्टियों की बैंक गारंटी बोली जमा करने के 7 दिनों के अंतर गेल/एसपीसी द्वारा एनवीवीएन को लौटा दी जाएगी । अन्य पार्टियों की बैंक गारंटी गेल द्वारा निर्णय की सूचना के 7 दिनों के अंदर लौटा दी जाएगी ।

चुनिन्दा पार्टियों को आगे के विचार-विमर्श में प्रवेश से पहले गेल के साथ एक्सक्लूसिविटी करार पर हस्ताक्षर करना अपेक्षित होगा ।

गेल के पास निम्नलिखित कारणों से किसी पार्टी की बैंक गारंटी को जब्त करने का अधिकार सुरक्षित है :

1. पार्टनर के रूप में नहीं चुने जाने के संबंध में गेल की सूचना से पूर्व पार्टी व्यक्तिगत रूप से आवेदन करने का निर्णय लेती है या किसी अन्य कंशोर्शियम में शामिल होती है ।
2. पार्टी बोली लगाने के उद्देश्य के लिए एक्सक्लूसिविटी करार पर हस्ताक्षर करने से इनकार करती है ।
3. पार्टी एनडीए की शर्तों का उल्लंघन करती है ।

ईओआई पर किसी भी स्पष्टीकरण के लिए आपसे अनुरोध है कि गेल में निम्नलिखित व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं :

अजय कुमार गौतम
मुख्य प्रबंधक (विपणन-शिपिंग)
गेल (इंडिया) लिमिटेड
16, भीकाएजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली – 110066 (भारत)
फोन: +91 11 26172580 Extn. : 2238
मोबाइल : +91 9910112045